स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति (SHPSC) की षष्ठम् बैठक दिनांक 19.11.2018 का कार्यवृत्तः–

सर्वप्रथम प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग द्वारा बैठक में सम्मिलित हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात् राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) द्वारा मा0 मुख्य सचिव महोदय को बैठक के एजेण्डा बिन्दु के संबंध में अवगत कराया गया। राज्य स्तरीय उच्चाधिकार समिति की पंचम बैठक दिनांक 26 जून 2018 में लिये गये निर्णय एजेण्डा के पृष्ठ संख्या–8 से 9 पर स्थित है। समिति द्वारा गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति का संज्ञान लिया गया।

(बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न)

एजेण्डा बिन्दु संख्या–01

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत धनराशि रु0 424.26 करोड़ की कार्ययोजना का अनुमोदन। (101 नगर निकायों–जिसमें कि गंगा किनारे स्थित 18 नगर निकाय भी सम्मिलित है, कि कार्ययोजना)

–समिति द्वारा एजेण्डा के पृष्ठ संख्या –23 पर प्रस्तुत एजेंडा के आलोक में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत गंगा किनारे स्थित 18 नगर निकायों एवं 9 जनपदों की 64 नगर निकायों, मुजफ्फरनगर जनपद की 9 नगर निकायों, 7 नगर पालिका परिषदों –सुल्तानपुर, अकबरपुर, गोण्डा, जौनपुर, उन्नाव, ललितपुर तथा नगर निगम गाजियाबाद, नगर निगम फिरोजाबाद, नगर निगम मथुरा– वृन्दावन एवं नगर निगम गोरखपुर हेतु तैयार की गयी कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 101 नगर निकायों हेतु रु0 424.26 करोड की धनराशि का अनुमोंदन प्रदान किया गया।

अग्रेतर इस आशय से निर्देश दिये गए कि अवशेष नगर निकायों की कार्ययोजना यथाशीघ्र तैयार कराई जायें।

एजेण्डा बिन्दु संख्या–02

नवसृजित नगर निकायों हेतु व्यक्तिगत शौचालय के लक्ष्य 28,382 एवं आवश्यकता के दृष्टिगत अतिरिक्त स्वीकृत आवेदनों 35,238, कुल 63,620 हेतु अनुमोदन।

–समिति द्वारा एजेण्डा के पृष्ठ–24 से 32 पर प्रस्तुत विवरण के आलोक में प्रस्तुत कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु संख्या–03

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत लक्ष्य को प्राप्त किये जाने हेतु किये जा रहे प्रयास/ गतिविधियों हेतु अनुमोदन ।

– समिति द्वारा एजेण्डा के पृष्ठ–33 से 57 पर प्रस्तुत विवरण के आलोक में वर्णित गतिविधियों का संज्ञान लिया गया एवं यह निर्देश दिये गए कि स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के उद्देश्य की पूर्ति हेतु नगर विकास विभाग प्रभावी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

उपरोक्तानुसार हुये विचार विमर्श तथा संस्तुति /निर्णय के पश्चात बैठक सधन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

मनोज कुमार सिंह
प्रमुख सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग–5
संख्या ५६४८ /नौ–5–2018–355सा/2018
लखनऊ दिनांक २९ नवम्बर, 2018

प्रतिलिपि–समस्त संबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राधे कृष्ण)
संयुक्त सचिव